विज्ञापन प्रारुप

उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम् (उत्तराखण्ड सरकार)

रानीपुरझाल, ज्वालापुर, हरिद्वार–249407

सूचना– "प्रतियोगी परीक्षा स्वाध्याय केन्द्र" हेतु पंजीकरण आरम्भ

संस्थान परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त "प्रतियोगी परीक्षा स्वाध्याय केंन्द्र" की स्थापना की गयी है, जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु भरोसेमंद अध्ययन सामग्री, संस्कृत वाङ्मय व दुर्लभ पाण्डुलिपियां आपकी बौद्धिक यात्रा को एक नई दिशा प्रदान करेगी। **स्वाध्याय केन्द्र की विशेषताएं–**

समृद्ध पुस्तकालय–दुर्लभ पांडुलिपि, वैदिकग्रंथ और संस्कृत साहित्य का विशाल संग्रह।

डिजिटल रिसर्च हब– उच्च स्तरीय इंटरनेट सुविधा, प्रतियोगी परीक्षा से सम्बन्धित पत्रिका, संस्कृत पत्रिका, संस्कृत वाङ्मय तथा शोध पत्रिका आदि की उपलब्धता।

शांत अध्ययन क्षेत्रः– शांत एवं अनुशासित वातावरण एवं अध्ययन हेतु सुसज्जित कक्ष।

आधुनिक सुविधाएं– समुचित प्रकाश व्यवस्था, आरामदायक उपवेशन व्यवस्था, स्वच्छ जल एवं निःशुल्क हाईस्पीड इण्टरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध है।

प्रतियोगी परीक्षा स्वाध्याय केन्द्र में निःशुल्क पंजीकरण व अधिक जानकारी के लिए संस्थानम् की बेवसाइट **www.uksa.uk.gov.in** पर संपर्क करें।

प्रो. मनोजकिशोर पन्त, सचिव

उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम्, हरिद्वार

(संस्कृत शिक्षा एवं शोध हेतु समर्पित संस्थान)

सूचना:– नवीन "प्रतियोगी परीक्षा स्वाध्याय केन्द्र" का भव्य शुभारंभ माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा ई उदघाटन दिनांक 22.02.2026 को कर दिया गया।

उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम्, हरिद्वार को हर्ष के साथ सूचित करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है कि संस्थान परिसर में एक अत्याधुनिक स्वाध्याय केंन्द्र की स्थापना हो रही है। यह केन्द्र मात्र पुस्तकालय नहीं , बल्कि एक ऐसा स्थान है जहां आप आधुनिक सुख सुविधाओं के बीच अपनी सांस्कृतिक जड़ों और देववाणी संस्कृत से पुनः जुड सकते हैं। विद्वानों, शोधार्थियों , संस्कृत अनुरागियों के लिए ज्ञान और आत्म चिन्तन का एक अनूठा संगम होगा। यह केन्द्र आपकी बौद्धिक यात्रा को एक नई दिशा देगा।

सफलता की ओर एक कदम :– सरकारी **"प्रतियोगी परीक्षा स्वाध्याय केन्द्र"** का शुभारंभ

शांत वातावरण, उज्जवल भविष्य

केन्द्र की विशेषताएं

समृद्ध पुस्तकालय:– दुर्लभ पांडुलिपियों, वैदिक ग्रंथों और आधुनिक संस्कृत साहित्य का विशाल संग्रह।

डिजिटल रिसर्च हब:– उच्च स्तरीय इंटरनेट सुविधा (शीध्र), प्रतियोगी परीक्षा संबंधी पत्रिकाएं, पुस्तकें तथा शोध पत्रिकाओं तक पंहुच।

शांत अध्ययन क्षेत्र:– शांत एवं अनुशासित वातावरण, एकाग्रता के साथ स्वाध्याय के लिये सुसज्जित कक्ष।

आधुनिक सुविधाएं:– उचित प्रकाश व्यवस्था, आराम दायक फर्नीचर एवं स्वच्छ जल, निशुल्क वाई–फाई , ऑनलाइन रिसर्च और ई लर्निंग की सुविधा

आज ही अपना **निशुल्क पंजीकरण कराएं** और अपने सपनों को नई उडान दें।

आइए, अपनी संस्कृति और भाषा के संरक्षण की इस नई पहल हेतु पंजीकरण करायें एवं इसका हिस्सा बनें।

अधिक जानकारी हेतु संस्थानम् की बेबसाइट **-www.uksa.uk.gov.in** पर संपर्क करें।

स्थान :–उत्तराखण्ड संस्कृत संस्थानम्, हरिद्वार

संस्कृतिःसंस्कृताश्रिता

(प्रो. मनोज किशोर पन्त)
सचिव।